झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001
प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2025 (विज्ञापन संख्या–01/2026) के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2025 (विज्ञापन संख्या–01/2026) के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अलग–अलग सेवाओं/संवर्गों के लिए राज्य सरकार से प्राप्त **कुल–103** रिक्तियों के आधार पर अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से प्रारंभिक परीक्षा हेतु One Time Registration (OTR) के माध्यम से ऑनलाइन (Online) आवेदन भरने के लिए विज्ञापन संख्या–01/2026 का प्रकाशन किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि–20.02.2026 तक निर्धारित थी। जिसे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1093, दिनांक–21.02.2026 के द्वारा निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है :–

1.	अधिकतम आयु सीमा गणना की संदर्भ तिथि	दिनांक–01.08.2022
2.	न्यूनतम आयु सीमा गणना की संदर्भ तिथि	दिनांक–01.08.2026

2. सभी कोटि के अभ्यर्थियों के लिए उपर्युक्त विवरणी में अंकित अधिकतम आयु एवं न्यूनतम आयु सीमा गणना की संदर्भ तिथि मात्र झारखण्ड संयुक्त असैनिक प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 के लिए ही मान्य होगा।
3. उपरोक्त प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सूचनायें निम्नवत् हैं:–

1.	प्रारंभिक परीक्षा की निर्धारित तिथि	दिनांक–12.04.2026
2.	मॉडल उत्तर जारी करने की संभावित तिथि	दिनांक–13.04.2026
3.	मॉडल उत्तर के विरूद्ध प्राप्त आपत्ति/सुझाव उपलब्ध कराने की संभावित तिथि	दिनांक–13.04.2026 से दिनांक–22.04.2026

4. आवेदकों के लिए One Time Registration (OTR) के माध्यम से दिनांक–26.02.2026 से दिनांक–09.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक ऑनलाइन (Online) आवेदन भरने हेतु अवधि विस्तार किया जाता है।
5. परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु लिंक दिनांक–10.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा।
6. W.P.(S) No.- 1186 of 2026 Md. Mujaffar Hussain, W.P.(S) No.- 1187 of 2026 Rahul Kr., W.P.(S) No.- 1188 of 2026 Lalit Kr., W.P.(S) No.- 1156 of 2026 Shanta Kumari, W.P.(S) No.- 1159 of 2026 Ambuj Dwivedi, W.P.(S) No.- 1160 of 2026 Subham Choubey, W.P.(S) No.- 1161 of 2026 Manoj Kumar, W.P.(S) No.- 1176 of 2026 Dipak Kr., W.P.(S) No.- 1190 of 2026 Basant Prasad, W.P.(S) No.- 1206 of 2026 Nitesh Kr. Yadav, W.P.(S) No.- 1216 of 2026 Sunil Pandit, W.P.(S) No.- 1221 of 2026 Alok Bharti, W.P.(S) No.- 1276 of 2026 Vikash Chandra, W.P.(S) No.- 1277 of 2026 Martha Magdali Bara, W.P.(S) No.- 1278 of 2026 Satish Karmali, W.P.(S) No.- 1279 of 2026 Deepak Kumar V/s State & Ors. के मामले में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची में दिनांक–20.02.2026 को पारित आदेश के आलोक में संबंधित याचिकाकर्ता भी प्रारंभिक परीक्षा का आवेदन पत्र भर सकते है।
7. ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भांति अध्ययन कर लेंगे।
8. विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।
9. पूर्व में Online आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
10. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
उप सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।